राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
उत्तर प्रदेश

की

1987-88 की आख्या

-54-
370.780
UTT-R

शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश
(भारत)
1988


T. 1

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
उत्तर प्रदेश

की

1987-88 की आख्या

शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश
(भारत)
1988

-542
370.7806
UTT-R

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B,Sri Aurbindo Marg,New Delhi-110016
DOC. No.....
Date.....

अनुक्रमणिका

अध्याय	विषय	पृष्ठ-संख्या
1	पृष्ठभूमि और गठन	1
2	प्रशिक्षण कार्यक्रम	5
3	अनुसंधान, अध्ययन और परियोजनायें	8
4	शैक्षिक कार्यशालायें और गोष्ठियां	14
5	महत्वपूर्ण प्रकाशन	19

प्रस्तावना

प्रदेश द्वारा भारत सरकार की नीति एवं सुझाव के अनुसार सितम्बर, 1981 में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना की गई है। परिषद् की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। परिषद् द्वारा अपनी दस इकाइयों के माध्यम से राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर की शैक्षिक समस्याओं का निराकरण कर नया स्वरूप प्रदान करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को समुन्नत करने तथा उसे वर्तमान परिस्थितियों के अनुकूल बनाने हेतु प्रयत्नशील है। परिषद् प्रदेश के आधारभूत शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने लक्षित बहुआयामी विभिन्न कार्यकलापों, संकल्पनाओं द्वारा सतत् क्रियाशील है। इन पर आधारित विभिन्न क्रियाकलापों का उपयोगी तथा व्यावहारिक प्रकाशन भी कराया जा रहा है।

परिषद् की इन बहुमुखी उपलब्धियों से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े शैक्षिक प्रशासकों, प्रधानों तथा शिक्षकों आदि को उपयोगी दिशा ज्ञान कराने के उद्देश्य से 1987–88 की इस वार्षिक आख्या का प्रकाशन किया जा रहा है।

आशा है कि यह प्रतिवेदन शैक्षिक समुन्नयन की व्यावहारिक पृष्ठभूमि पर उपयोगी होगा।

डा0 लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय,
निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश।

अध्याय—1

पृष्ठभूमि और गठन

शैक्षिक शोध, सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण, शैक्षिक प्रशासकों का सेवारत प्रशिक्षण, प्रारम्भिक स्तर के विद्यालयों एवं अध्यापक प्रशिक्षण के पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण व पाठ्य पुस्तकों के निर्माण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रमों के निर्माण में प्राविधिक सहायता तथा प्रदेश की विशिष्ट शैक्षिक संस्थानों की सुविधाओं के महत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिये राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का गठन वर्ष 1981 में किया गया है। इसके अध्यक्ष शिक्षा मंत्री जी तथा निदेशक पदेन सचिव हैं।

परिषद् का गठन—

(1)	शिक्षा मन्त्री	अध्यक्ष
(2)	शिक्षा सचिव	उपाध्यक्ष
(3)	वित्त सचिव या उनके प्रतिनिधि	सदस्य
(4)	राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् दिल्ली के प्रतिनिधि।	सदस्य
(5)	राष्ट्रीय योजना एवं प्रशासन, संस्थान, दिल्ली के प्रतिनिधि।	सदस्य
(6)	शिक्षा निदेशक	सदस्य
(7)	श्री श्रीनिवास शर्मा, सेवानिवृत्त, शिक्षा निदेशक, उ० प्र०, सी—46, निरालानगर, लखनऊ। ..	सदस्य
(8)	डा० श्रीमती हेमलता स्वरूप, भू०पू० कुलपति कानपुर विश्वविद्यालय 111/98ए वाटर वर्क्स कालोनी, अशोकनगर, कानपुर।	सदस्य
(9)	निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, ...	सदस्य-सचिव

2—कार्य क्षेत्र—

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कार्य में निम्नलिखित की संकल्पना की गई है:—

(क) शिक्षा में स्वयं अनुसंधान करना, अनुसंधानों का समन्वय करना तथा उनको प्रोत्साहित करना।

(ख) सेवा-पूर्व और सेवारत, मुख्यतः उच्च स्तरीय, प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

(ग) ऐसी संस्थाओं को परामर्श सेवा प्रदान करना जो शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण में विद्यालयों के विस्तार सेवा में कार्यरत हों।

(घ) उन्नत शैक्षिक विधियों और कार्यक्रमों से विद्यालयों तथा प्रशासकों को अवगत कराना।

(च) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राज्य के शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय तथा अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ कार्य करना अथवा उन्हें सहायता देना।

(छ) विद्यालय स्तरीय शिक्षा संबंधी उन्नत विचारों तथा सूचनाओं का एकत्रीकरण और प्रसारण।

(ज) राज्य प्रशासन को तथा अन्य संगठनों की विद्यालय स्तरीय शिक्षा के स्तरोन्नयन के संबंध में परामर्श देना।

(झ) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये आवश्यक पुस्तकों, सामग्री, पत्रिकाओं तथा अन्य साहित्य का निर्माण तथा प्रकाशन।

(ट) ऐसे सभी कृत्यों का करना, जो परिषद् अपने प्रमुख उद्देश्यों के लिये आवश्यक/अनिवार्य समझे। अनुसंधान को बढ़ावा देना, शैक्षिक कार्यकर्ताओं का उच्चस्तरीय व्यवसायिक प्रशिक्षण और विद्यालयों में विस्तार सेवा की सुविधा देना है।

(ठ) राज्य सरकार द्वारा संदर्भित शैक्षिक, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संबंधी अन्य कार्य सम्पादित करना।

3—संबद्ध संस्थान—

परिषद् के निम्नलिखित विभाग संबंधित संस्थाओं/कार्यालयों के माध्यम से परिषद् के निदेशक, जो इनके विभागाध्यक्ष भी हैं, के सीधे नियंत्रण में कार्य करते हैं:—

(1)	प्रारम्भिक शिक्षा विभाग	(1) राज्य शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद। (2) अनौपचारिक शिक्षा एकक।
(2)	भारतीय भाषा विभाग	राज्य हिन्दी संस्थान, उ० प्र०, वाराणसी।
(3)	विदेशी भाषा विभाग	आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, इलाहाबाद।

(4)	मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग	.. ..	राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद।
(5)	विज्ञान और गणित विभाग	.. .. ..	राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0 प्र0, इलाहाबाद
(6)	दृश्य-श्रव्य और शिक्षा प्रसार विभाग	.. ..	शिक्षा प्रसार कार्यालय, इलाहाबाद।
(7)	मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग	.. ..	मनोविज्ञानशाला, इलाहाबाद।
(8)	शैक्षिक तकनीकी विभाग	.. .. ..	शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ।
(9)	प्रकाशन विभाग	.. .. ..	पाठ्य पुस्तक अनुभाग, लखनऊ।

(1) प्रारम्भिक शिक्षा विभाग–राज्य शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद––

(1) प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन के लिये प्रदेश में राज्य शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के एक अंग के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्थान में मुख्य, प्राविधिक एवं अनौपचारिक शिक्षा तथा जनसंख्या शिक्षा इकाइयों के साथ पत्राचार अनुभाग भी है। संस्थान अपने सभी कार्य पांच रूपों में (क) शोध (ख) यूनीसेफ से सहायता प्राप्त कार्यक्रम (ग) प्रशिक्षण (घ) प्रकाशन तथा (ङ) प्रसार, सम्पादित करता है।

2––भारतीय भाषा विभाग–राज्य हिन्दी संस्थान, उ0 प्र0, वाराणसी।

हिन्दी भाषा और साहित्य के शिक्षण को अधिकाधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से संस्थान में हिन्दी के अध्यापक प्राध्यापिकाओं को सेवाकालीन प्रशिक्षण, संगोष्ठियों व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है तथा हिन्दी भाषा और उसके व्यकरण से सम्बन्धित कार्य पर विशेष बल दिया जाता है। पाठ्य पुस्तकों के संशोधन, रचना आदि के अतिरिक्त इस संस्थान की प्रकाशन योजना के अन्तर्गत "वाणी" त्रैमासिक पत्रिका व लघु-पुस्तिकाओं का प्रकाशन विविध-साहित्यिक-विषयों पर निबंध-लेखन तथा शोध कार्य की ओर संस्थान के अधिकारी एवं प्रवक्ता संलग्न हैं। समय-समय पर संस्थान में विचार-गोष्ठियों व काव्य-गोष्ठियों का आयोजन भी होता रहता है।

3––विदेशी भाषा विभाग–आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, इलाहाबाद––

आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान की स्थापना ब्रिटेन स्थित न्यू फील्ड फाउन्डेशन तथा नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश कांउन्सिल की सहायता से प्रदेश में अंग्रेजी पठन तथा शिक्षण के स्तर में उन्नति साधन हेतु की गई थी। अतएव प्रारम्भ में ही इस संस्थान का मुख्य कार्य सेवा कालीन शिक्षक प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम तथा पाठ्य सामग्री की रचना, अनुगमन कार्यक्रम तथा शोध परियोजनाओं का संचालन, सम्पादन करना है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् एवं केन्द्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान के विभिन्न कार्यक्रम तथा योजनायें, जिनका सम्बन्ध अंग्रेजी पठन-पाठन से होता है, प्रदेशीय स्तर पर उत्तर प्रदेश के लिये इसी संस्थान द्वारा संचालित तथा कार्यान्वित होते हैं। इनके अतिरिक्त संस्थान के विशेषज्ञों की सेवायें परामर्शदाता के रूप में प्रदेश तथा प्रदेश के बाहर की विभिन्न संस्थाओं में भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

4––मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग,–राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद––

यह संस्थान एल0टी0 (सामान्य) का पूर्व सेवा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करता है, साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिये सतत् शिक्षा एवं पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाता है तथा हाईस्कूल स्तर के छात्रों के लिये उपचारात्मक शिक्षा की व्यवस्था करता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में शैक्षिक मूल्यों के महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी समय-समय पर संस्थान द्वारा आयोजित किये जाते रहते हैं। यह संस्थान विभाग, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, एन0सी0ई0आर0टी0 तथा विभिन्न संस्थानों/संस्थाओं द्वारा शैक्षिक संदर्भों पर मांगे गये मत, समीक्षा तथा आख्या प्रेषण का कार्य करते हुए समस्त शैक्षिक इकाइयों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों/संस्थाओं से शैक्षिक परामर्श, सहयोग का कार्य भी करता है। इनके अतिरिक्त शोध कार्य, परियोजना संचालन एवं गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन संस्थान के कार्यलाप के महत्वपूर्ण अंग हैं।

5––विज्ञान तथा गणित विभाग,–राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0 प्र0, इलाहाबाद––

प्रदेश की विद्यालयी शिक्षा को समयानुरूप वैज्ञानिक और तकनीकी स्वरूप प्रदान करने तथा विज्ञान एवं गणित विषयों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु भारत सरकार के पूर्ण वित्तीय सहयोग से वर्ष 1965 में राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान की स्थापना की गई थी। इलाहाबाद स्थित इस संस्थान का प्रमुख कार्य विद्यालय स्तर पर विज्ञान शिक्षा के विकास एवं तत्सम्बन्धित अनुसंधान, प्रशिक्षण प्रकाशन एवं प्रसार हैं। इन शीर्षकों के अन्तर्गत यह संस्थान नए पाठ्यक्रमों का निर्माण, पाठ्य–पुस्तक लेखन, विज्ञान शिक्षण हतु दृश्य–श्रव्य सामग्रियों का निर्माण, विज्ञान अध्यापकों की दक्षता बढ़ाने के लिये सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन तथा प्रदेश में विज्ञान शिक्षा के उन्नयन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे शोध अध्ययन, विज्ञान प्रदर्शनियों, विद्यार्थी विज्ञान संगोष्ठी आदि का आयोजन करता है।

6––दृश्य–श्रव्य और शिक्षा प्रसार विभाग–शिक्षा प्रसार विभाग, इलाहाबाद––

शिक्षा प्रसार विभाग, समाज शिक्षा एवं दृश्य-श्रव्य शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर प्रभावी कार्यक्रमों का सम्पादन कर रहा है। समाज शिक्षा के लिये नूतन प्रयोगों, युक्तियों एवं उत्प्रेरक क्रियाओं के माध्यम से कार्यक्रमों का सफल सम्पादन करते हुए गुणात्मक उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में यह प्रयत्नरत है। समाज के सभी वय वर्गों के लिये शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए प्रयोगात्मक रूप में प्रौढ़ों को शिक्षित करने का अभियान यह संचालित कर रहा है। इस विभाग द्वारा संचालित राजकीय ग्रामीण पुस्तकालयों के माध्यम से प्रसार के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नवसाक्षरों, अल्पसाक्षरों एवं शिक्षण वर्ग के लोगों के लिये साहित्य उपलब्ध कराकर शैक्षिक

योग प्रदान किया जाता है। दृश्य-श्रव्य शिक्षा क्षेत्र में दृश्य-श्रव्य तकनीकी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने लिये विभाग में प्रादेशिक दृश्य श्रव्य शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की व्यवस्था सुलभ है। साथ ही शैक्षिक उपयोगिता के चलचित्रों के निर्माण क लिय व्यवस्थित चलचित्र उत्पादन इकाई भी विभाग से सम्बद्ध है। चलचित्र उत्पादन इकाई द्वारा चलचित्र निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया विभाग में ही पूर्ण की जाती है जिसके लिये सम्पूर्ण व्यवस्था एवं संयंत्र सुलभ है। इस उत्पादन इकाई द्वारा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक उपलब्धि प्राप्त करने एवं शैक्षिक स्तरोन्नयन के लिये 35 मि0मी0 तथा 16 मि0मी0 के चलचित्रों के निर्माण का कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। औपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत माध्यमिक विद्यालयों और राजकीय दीक्षा विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षिकाओं को श्रव्य दृश्य सामग्रियों के निर्माण एवं शिक्षण में उनके उपयोग का प्रशिक्षण विभाग से सम्बद्ध प्रादेशिक दृश्य-श्रव्य शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा दिया जाता है।

7--मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग--मनोविज्ञान शाला, इलाहाबाद--

इलाहाबाद में स्थापित मनोविज्ञानशाला, उ0प्र0 राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की इकाई के रूप में मनोविज्ञान के क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण संस्था है। इसका मुख्य कार्य विशेषतया माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा अन्य बच्चों व वयस्कों की निशुल्क शैक्षिक, व्यवसायिक, वैयक्तिक निर्देशन, परामर्श, व्यक्तिगत और सामूहिक आधार पर, प्रदान करना है। मनोवैज्ञानिक सेवायें उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के लिये तीन स्तरों पर प्रदान की जाती हैं (प्रदेशीय, मंडलीय तथा विद्यालय स्तर पर)। प्रदेश स्तर पर मनोविज्ञानशाला, विद्यालयी एवं मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्रों के कार्य में समन्वय स्थापित करती है। इसके निर्देशन में प्रयुक्त मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के निर्माण, अनुशीलन तथा मानकीकरण के साथ-साथ तत्सम्बन्धित शोध कार्य भी होता है।

8--शैक्षिक तकनीकी विभाग--राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ--

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकरण एवं उसके प्रचार और प्रत्येक स्तर पर गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में वर्ष 1976-77 में शैक्षिक तकनीकी कोष्ठ की स्थापना की थी। मार्च 1984 में इन्सेट 1-बी के प्रादुर्भाव क फलस्वरूप प्रदेश के तीन जिलों--गोरखपुर, आजमगढ़ एवं बस्ती में टेलीविजन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों क बालक/बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करने के लिये भारत सरकार की शत् प्रतिशत सहायता से शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम उत्पादन केन्द्र की स्थापना की गई है। दोनों इकाइयों का सम्मिलित रूप राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान है। सम्प्रति राज्य शैक्षिक-तकनीकी संस्थान, उत्तर प्रदेश एक ओर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् उत्तर प्रदेश की इकाई के रूप में तथा दूसरी ओर केन्द्रीय शैक्षिक प्रोद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली की प्रादेशिक इकाई के रूप में कार्यरत है।

9--परिषद् का प्रकाशन विभाग--पाठ्य पुस्तक अनुभाग, लखनऊ--

परिषद् का प्रकाशन विभाग, शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचलित कक्षा 1 से 8 तक की राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तकों के मुद्रण, प्रकाशन तथा वितरण की व्यवस्था करता है। कक्षा 1-8 की राष्ट्रीयकृत तथा अनौपचारिक शिक्षा की पाठ्य-पुस्तकों का मुद्रण, उनकी गुणवत्ता बनाये रखना और समय से उचित मूल्यों पर छात्रों को सुलभ कराना ही प्रकाशन अनुभाग का मूल प्रयोजन है।

4--परिषद् में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन क्रमानुसार पदों का विवरण निम्नवत् है:--

क्रम-संख्या	वेतन-क्रम	पद संख्या
1	2	3
1	2750-3000	1
2	1660-2300	4
3	1360-2125	4
4	1250-2050	20
5	850-1720	66
6	770-1600	39
	690-1420	22
	650-1280	56
	625-1360	2
	625-1240	42
	570-1100	28
	540-910	12
	515-860	21
	470-735	44
	450-720	19
	430-685	41
	405-540	1
	400-750 (पुराना)	1
	400-620	15
	400-615	15

1	2	3
21	354–550 ..	59
22	330–495 ..	40
23	330–425 ..	7
24	325–570 (पुराना) ..	1
25	315–440 ..	11
26	305–390 ..	150
27	280–460 (पुराना) ..	2
28	230–385 (पुराना) ..	1
	योग ..	724

अध्याय–2

प्रशिक्षण कार्यक्रम

परिषद् की विभिन्न इकाइयां शिक्षा विकास, स्तरोन्नयन तथा शिक्षा विषयक, विविध समस्याओं के निदान एवं सुझावों के क्रियान्वयन हेतु वर्ष पर्यन्त विविध विषयक अल्प व दीर्घकालिक सेवापूर्व–सेवाकालीन, सतत् शिक्षा, पुनर्बोधात्मक, अनौपचारिक प्रबन्धकीय, प्रशासकीय, तकनीकी एवं अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश की शिक्षा से जुड़े सभी स्तरीय प्रशासकों, कार्यकर्त्ताओं, विशेषज्ञों तथा शिक्षकों के लिये आयोजित करती रहती है। परिषद् के अन्तर्गत विभिन्न इकाइयों में प्रमुखतः पुनर्शिक्षण (सेवारत) के अन्तर्गत ऐसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और भविष्य में लिये जायेंगे, जिनका राज्य के स्कूल स्तर की शैक्षिक समस्याओं और शिक्षा विकास तथा स्तरोन्नयन से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। प्रशिक्षण के अन्तर्गत वर्ष 1987–88 के कार्यक्रमों का विवरण, निम्नलिखित है:––

सेवा पूर्व प्रशिक्षण––

(क) मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग (राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान), इलाहाबाद सेवा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एल0टी0 (सामान्य) स्नातकोत्तर शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण कार्य सम्पादित करता है। इस संस्थान में प्रतिवर्ष 80 छात्राध्यापकों को प्रवेश दिया जाता है। इन प्रशिक्षणार्थियों को माइक्रोटीचिंग द्वारा विविध शिक्षण कौशलों का अभ्यास 40 कक्षा शिक्षण के माध्यम से कराया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों को "शिक्षा के दार्शनिक" समाज शास्त्रीय एवं शिक्षा मनोवैज्ञानिक आधार का ज्ञान देकर, शिक्षा सांख्यिकी विद्यालय संगठन तथा स्वास्थ्य एवं जन संख्या शिक्षा का बोध कराया जाता है। इसके साथ ही उपचारी शिक्षा निर्देशन व परामर्श, शैक्षिक मूल्यांकन तथा सांख्यिकी, क्रियात्मक अनुसंधान तथा शैक्षिक प्रबन्ध एवं शैक्षिक तकनीकी में विशेष दक्षता प्रदान करायी जाती है।

(ख) मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग (मनोविज्ञानशाला), इलाहाबाद द्वारा डिप्लोमा इन "गाइडेन्स साइकालोजी" विषयक एक सत्र (10 माह) की अवधि का प्रशिक्षण कार्य सम्पादित किया जा रहा है। इस स्नातकोत्तर डिप्लोमा का प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशन मनोविज्ञान के सैद्धांतिक पक्ष में निष्णात बनाने के साथ-साथ उन्हें उक्त क्षेत्र से सम्बन्धित उपकरणों एवं परीक्षणों के व्यवहारिक उपयोग और प्रशासन में दक्ष बनाना है। इस पाठ्यक्रम की प्रवेश क्षमता 15 है।

सेवाकालीन प्रशिक्षण––

(क) मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग (राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान), इलाहाबाद।

1––माध्यमिक स्तरीय शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यक्रमों, मूल्यांकन तथा नवीन परिवर्तनों, आयामों तथा शैक्षिक स्तरोन्नयन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं से अवगत कराने के लिए सतत शिक्षा एवं पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाये जाते हैं जो 10मास तक जुलाई से चलाया जाता है।

2––लोक सेवा आयोग से सीधे चुन कर आने वाले शिक्षा अधिकारियों (बेसिक शिक्षा अधिकारी) को एल0टी0 (सामान्य) पाठ्यक्रम तथा विभिन्न प्रकार के विभागीय नियमों एवं अधिनियमों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

3––प्रोन्नति से नियुक्त होने वाले राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शैक्षिक प्रबन्ध तथा प्रशासन में दक्ष बनाने के लिये प्रतिवर्ष उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है। जिसमें प्रत्येक फेरे में 30–30 प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षित किया जाता है।

(ख) प्रारम्भिक शिक्षा विभाग (राज्य शिक्षा संस्थान), इलाहाबाद।

1––प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, (राज्य शिक्षा संस्थान), इलाहाबाद द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अप्रशिक्षित अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाती है। प्रदेश के अप्रशिक्षित उर्दू अध्यापकों को प्रशिक्षण देने की कार्यवाही की गई है। पूर्व लिखित पाठों का संशोधन एवं पुनर्वोधन किया गया। वर्तमान समय में इनके मुद्रण की कार्यवाही की जा रही है।

2––प्रदेश के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के प्राथमिक तथा जूनियर स्तर के विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को सन्दर्भ व्यक्ति पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रदेश स्तर पर संदर्भ अध्यापक/अध्यापिकाओं को नैतिक शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिसके लिए नैतिक शिक्षा पाठ्य सामग्री तथा शिक्षक सन्दर्शिका तैयार की गई।

3––संस्थान द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को हिन्दी, सामाजिक विषय, परिवेशीय अध्ययन एवं नैतिक शिक्षा विषयों के मूल्यांकन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। दीक्षा विद्यालयों के शिक्षक-प्रशिक्षकों को उक्त विषयों पें पुनर्बोधित किया गया।

4––प्रदेश के राजकीय दीक्षा विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल एवं प्राथमिक स्तर के अध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया।

5--निरीक्षण अधिकारियों को शैक्षिक, प्रशासनिक तथा पर्यवेक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सन्दर्भ में प्रशिक्षित किया गया। इस अभिनवीकरण में उप विद्यालय निरीक्षक एवं विद्यालय उप निरीक्षिकाओं को भी प्रशिक्षित किया गया।

6--बी0टी0सी0 के द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बन्धित समस्त प्रकार के सम्बोधों का समावेश किया गया जिससे भविष्य में अध्यापकों को नव सम्बोधन की सम्यक् जानकारी हो सके। पाठ्यक्रम में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम सम्बन्धी बिन्दुओं को भी समाहित किया गया है।

7--राजकीय दीक्षा विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ स्काउटिंग, आसन, योग एवं समाजोपयोगी उत्पादक कार्य से सम्बन्धित प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया।

8--पर्यावरण के प्रति चेतना एवं उसके अनुरक्षण, पुनर्वास एवं विकास हेतु पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसके अन्तर्गत क्षेत्रीय विशिष्टाधारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्य सामग्री का विकास किया गया।

9--प्रदेश के प्रारम्भिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं को विकास खण्ड स्तर पर जनसंख्या शिक्षा के सम्बोधों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

10--प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को जनसंख्या शिक्षा में प्रशिक्षण देने हेतु "स्कूल बेस्ड" प्रशिक्षण दिया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रवक्ताओं तथा राजकीय दीक्षा विद्यालयों के शिक्षक-प्रशिक्षकों को जनसंख्या शिक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया।

11--सातवीं पंचवर्षीय योजना में जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम को अधिक महत्व देते हुए उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं तथा अनौपचारिक शिक्षा एवं दीक्षा विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में प्रशिक्षण को गति देने का प्रयास किया गया।

(ग) विदेशी भाषा विभाग (आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान), इलाहाबाद।

1--**आंग्ल भाषा शिक्षण डिप्लोमा**--इसका उद्देश्य जूनियर हाई स्कूल तथा हाई स्कूल कक्षाओं को अंग्रेजी पढ़ाने वाले अध्यापकों को संदर्भ व्यक्ति (रिसोर्स पर्सनल) के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उनकी अंग्रेजी शिक्षण कुशलता में सम्यक् उन्नयन करना है।

2--पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण द्वारा जूनियर हाई स्कूल तथा हाई स्कूल स्तरीय अंग्रेजी अध्यापकों का पुनर्बोधन अध्यापन सम्बन्धी कठिनाइयों का निराकरण तथा कक्षा शिक्षण की मूल परिस्थितियों में उनका तत्कालिक एवं प्रभावी उपयोग है।

3--अनुगमन गोष्ठियों का मूल उद्देश्य जूनियर हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तर पर कक्षा शिक्षण की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना तथा शिक्षकों की अनेक समस्याओं का निराकरण तथा अंग्रेजी भाषा शिक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करना है।

4--क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के माध्यम से गैर सरकारी विद्यालयों के अंग्रेजी अध्यापकों के प्रशिक्षण हेतु विस्तृत व्यवस्था करना तथा समस्त अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संदर्भ व्यक्तियों (रिसोर्स पर्सनल) को प्रशिक्षण प्रदान करना।

5--उप विद्यालय निरीक्षक, उप बालिका विद्यालय निरीक्षिका, प्रति उप विद्यालय निरीक्षक/निरीक्षिकाओं के माध्यम से जूनियर हाई स्कूल के अंग्रेजी अध्यापकों को उचित दिशा निर्देश प्रदान करने के उद्देश्य से लघु प्रशिक्षण प्रदान करना।

(घ) विज्ञान तथा गणित विभाग (राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान), इलाहाबाद।

1--जूनियर हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान अध्यापकों हेतु पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण के अन्तर्गत अध्यापकों को विज्ञान किट तथा पर्यावरणीय सामग्रियों को उपयोग द्वारा विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है तथा अध्यापक प्रतिभागियों को विज्ञान शिक्षण के अत्याधुनिक नवीन तकनीकों से अवगत कराया जाता है।

2--हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान-2, जीव विज्ञान एवं गणित-2 के अध्यापकों हेतु पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अध्यापकों की विषयगत कठिनाइयों का निवारण कठिन सम्बोधों के सम्प्रेषण विधियों पर विचार विमर्श नवीन शिक्षण तकनीकों को अवगत कराने एवं प्रश्न-पत्र निर्माण करने की अत्याधुनिक विधा विशेषतया सपुस्तक परीक्षा प्रणाली पर आधारित प्रश्न-पत्रों के निर्माण सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

3--राजकीय दीक्षा विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस प्रशिक्षण में भी वैज्ञानिक विषयों के नवीनतम शिक्षण तकनीकों से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया जाता है।

(ङ) मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग (मनोविज्ञानशाला), इलाहाबाद।

1—उत्तर प्रदेश के मनोविज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र के अध्यापकों/अध्यापिकाओं को मनोविज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम सिद्धांतों, संकल्पनाओं एवं शोध परिणामों से अवगत कराने तथा निर्देश एवं परामर्श का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तीन सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

2—उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षा अधिकारियों को मनोविज्ञान और निर्देशन विभाग के क्रिया-कलापों की जानकारी कराना एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों से परिचित कराना।

3—समय-समय पर मण्डलीय मनोवैज्ञानिक, विद्यालय मनोवैज्ञानिक तथा स्कूल मनोवैज्ञानिक तथा काउन्सलर को पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण प्रदान करना।

(च) दृश्य श्रृव्य और शिक्षा प्रसार विभाग (शिक्षा प्रसार कार्यालय), इलाहाबाद

दृश्य–श्रृव्य और शिक्षा प्रसार, विभाग इलाहाबाद से सम्बद्ध प्रादेशिक दृश्य श्रृव्य प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, राजकीय दीक्षा विद्यालयों एवं प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकों/शिक्षिकाओं को प्रक्षेपित उपादानों के निर्माण एवं प्रक्षेपी उपकरणों के संचालन एवं अनुरक्षण के प्रशिक्षण का क्रियात्मक ज्ञान दिया जाता है, जिससे वे उनका निर्माण कर शिक्षण में उसका उपयोग कर सकें, जिससे विषय वस्तु के गुणात्मक एवं ज्ञानात्मक उपलब्धि का नियोजक हो सकेगा ।

अध्याय–3

अनुसंधान अध्ययन और परियोजनायें

1––शैक्षिक अनुसंधान आधारिक, नीति-परक और व्यावहारिक होते हैं। अतः शिक्षा की विभिन्न योजनाओं, समस्याओं और कार्यक्षमताओं के उन्नयन में सहायता करने के उद्देश्य से ही इस परिषद् द्वारा व्यवहारपरक और - नीतिपरक अनुसंधान और अध्ययन किये जा रहे हैं। अनुसंधानों का विधिवत् और वैज्ञानिक ढंग के साथ निर्देशन किया जाता है। निकट भविष्य में परिषद् की इकाइयों के अधिकारियों को अनुसंधान की वैज्ञानिक विधियों में प्रशिक्षण कराया जायगा जिससे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की दक्षता का स्तर संतोषजनक हो।

2––विभिन्न इकाइयों द्वारा वर्ष 1987–88 में सम्पादित किये जाने वाले अध्ययनों तथा परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् दिया जा रहा है:––

1––प्रारम्भिक शिक्षा विभाग––राज्य शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

शोध–कार्य––

1––प्रदेश स्तर पर "प्रारम्भिक स्तरीय शिक्षक-प्रशिक्षण के सर्वेक्षण" से सम्बन्धित प्रपत्र का विकास किया गया तथा उपलब्ध सूचनाओं का सम्पादन एवं विश्लेषण किया जा रहा है।

2––"प्राथमिक स्तरीय गणित में भाषा का प्रभावी शिक्षण" का अभिनव प्रयोग राजकीय आदर्श शोध विद्यालय में किया गया।

3––प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के प्रति उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्तर के अध्यापकों की, अपने बढ़े हुए दायित्वों के प्रति अभिवृत्ति का मूल्यांकन किया गया।

4––प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में कक्षा 1–3 तक के पाठ्यक्रम में स्थानीय आदिम बोलियों और राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रयोग द्वारा द्विभाषा प्रयोग पर अनुसंधान किया जा रहा है।

5––राजकीय आदर्श शोध विद्यालय में देर से आने वाले छात्रों की सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं के अध्ययन पर शोध कार्य किया गया।

6––ह्रास एवं अवरोध निवारण परियोजनान्तर्गत प्रदेश में शिक्षा के सार्वजनीकरण को प्रभावी एवं व्यापक बनाने के लिए ह्रास एवं अवरोध निवारण परियोजना को कार्यान्वित किया गया है। परियोजना विस्तार हेतु समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक प्रपत्र एवं दिशा निर्देश भेज दिये गये हैं तथा प्राप्त प्रपत्रों के आधार पर विश्लेषण कार्य किया जा रहा है।

7––अभिस्वीकृत विद्यालय परियोजना के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर की शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन हेतु अभिस्वीकृत विद्यालय परियोजना सम्पूर्ण प्रदेश में क्रियान्वित की गयी है। उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रपत्र एवं आवश्यक निर्देश भेजे गये हैं। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विश्लेषण कार्य किया जा रहा है।

8––राजकीय आदर्श शोध विद्यालय में कक्षा–5 के विद्यार्थियों के भाषा विषयक अशुद्ध उच्चारण को शुद्ध करने हेतु क्रियात्मक शोध कार्य किया गया।

9––प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण में पूर्व प्राथमिक शिक्षा की भूमिका के अध्ययन हेतु इलाहाबाद जनपद के चायल ब्लाक के पूर्व प्राथमिक शिक्षा केन्द्रों के आधार पर कार्य किया जा रहा है।

10––शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक विषय के अध्ययन संबंधी उपलब्धियों 1990 के अन्तर्गत परीक्षण और मूल्यांकन संबंधी कार्य चल रहा है।

11––नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना विषयक शोध के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

12––प्राइमरी स्तरीय छात्रों में सुलेख के प्रति उदासीनता का अध्ययन कार्य चल रहा है।

13––प्राथमिक शिक्षा व्यापक उपागम (केप) की पाठ्य सामग्री का परीक्षण किया जा रहा है।

14––दीक्षा विद्यालयों में समाजपयोगी उत्पादक कार्य के स्वरूप का अध्ययन संबंधी कार्य चल रहा है।

यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाएं

1--पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरणीय स्वच्छता:

इस परियोजना के अन्तर्गत बच्चों एवं अभिभावकों के उत्तम स्वास्थ्य, सामान्य शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु पोषण की आवश्यकता समझाने, बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन का चयन, भोजन की तैयारी एवं संरक्षण संबंधी ज्ञान देने तथा पर्यावरणीय स्वच्छता सम्बन्धी प्रवृत्तियों के विकास का उद्देश्य है।

परियोजना के कार्यान्वयन हेतु इलाहाबाद जनपद के कौड़िहार एवं चायल विकास खण्डों के प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है जिनमें अधिकतर परिगणित जाति तथा पिछड़ी जाति के लोग हैं। एक सर्वेक्षण द्वारा इस क्षेत्र के लोगों की पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता सम्बन्धी आदतों की जानकारी की गई। परियोजना की सफलता के लिए सभी विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।

क्षेत्र में समुदाय सम्पर्क कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए शैक्षिक सामग्री निर्मित की गई। इस सामग्री के प्रयोग हेतु चुने गये 25 विद्यालयों के समस्त अध्यापकों को अभिनवीकृत किया गया। कौड़िहार तथा चायल दोनों ही विकास खण्डों में बैठकें आयोजित की गईं। मूल्यांकन प्रपत्र वितरित किये गये तथा सूचनाओं के एकत्रीकरण का कार्य किया गया। शैक्षिक सामग्री एवं संशोधन एवं परिवर्धन हेतु प्रश्नावलियों का विकास किया गया जिनके आधार पर प्रयोग तथा परीक्षण किये गये। दीक्षा विद्यालयों के शिक्षक-प्रशिक्षकों की पाठ्यचर्या एवं समग्र मूल्यांकन की विश्लेषणात्मक आख्या के लेखन हेतु तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

पोषण, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सम्बन्धी आदतों के विकास का आकलन करने के उद्देश्य से दोनों ही विकास खण्डों के 30 परियोजनागत तथा 10 परियोजनेतर विद्यालयों का चयन किया गया जिनमें परीक्षण प्रपत्रों के माध्यम से बालकों का परीक्षण किया गया। साथ ही एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा विकसित सारणीयन प्रपत्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के अंकों का सारणीयन कार्य भी किया गया। दोनों ही विकास खण्डों का नियमित निरीक्षण किया जाता है तथा परियोजना से सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विद्यालय का वीक्षण भी किया जाता है। उक्त योजना से सम्बन्धित सम्बोधों को प्राथमिक स्तरीय पाठ्यचर्या में समाहित करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा 30 सप्ताह के कार्यक्रम से सम्बन्धित एक शिक्षण संदर्शिका मुद्रित कराकर प्रदेश के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में वितरित की गई है। बच्चों के शारीरिक विकास के मापन तथा निर्जलीकरण का ज्ञान देने हेतु दो किटों का विकास, मुद्रण एवं वितरण किया गया साथ ही पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी खेलों का विकास, मुद्रण एवं वितरण किया गया। समुदाय सम्पर्क कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चित्र, पोस्टर, चार्ट, कलैण्डर आदि शैक्षणिक सामग्री का विकास मुद्रण एवं वितरण किया गया।

पाठ्यक्रम नवीनीकरण परियोजना (परियोजना संख्या 2)

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यक्रम नवीनीकरण की परियोजना प्रदेश के 15 जनपदों के 150 प्राथमिक विद्यालयों में वर्ष 1976 से 1986 तक चलाई गई। इसके अन्तर्गत कक्षा 1--5 तक का पाठ्यक्रम विकसित कर उस पर आधारित कक्षा 1--5 तक की शिक्षण सामग्री (पाठ्य पुस्तकें एवं शिक्षक संदर्शिकाएं) विद्यालयों को छात्रों के प्रयोग एवं परीक्षण हेतु भेजी गयी थीं। वर्षबद्ध कार्यक्रम के अनुसार इन पुस्तकों का परीक्षण एवं मूल्यांकन कर उनमें आवश्यक संशोधन भी किये गये। कक्षा 1--5 तक की इन पाठ्य पुस्तकों को प्रदेश में राष्ट्रीयकृत पुस्तक के रूप में लागू करने हेतु बेसिक शिक्षा परिषद्, उ0 प्र0 द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

सामुदायिक शिक्षा एवं सहभागिता में विकासात्मक क्रियाकलाप (परियोजना संख्या 3)

यह परियोजना राज्य के पांच जनपदों के एक-एक चयनित सामुदायिक शिक्षा केन्द्र के माध्यम से संचालित की गई। समुदाय के इन सभी लोगों की न्यूनतम शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से की जाती है। सम्प्रति यूनीसेफ की वित्तीय सहायता वर्ष 1986 से बन्द की जा चुकी है तो भी इन केन्द्रों द्वारा स्थानीय सहयोग से कतिपय कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा (परियोजना संख्या 4--बी)

